गोंड बस्ती हटेगी, नए प्रोजेक्ट की तैयारी, पुरानी मल्टी होगी खाली

- महाकुंभ से पहले उज्जैन में
- चौड़ीकरण-सौंदर्यीकरण तेज, 312 परिवारों का होगा विस्थापन

उज्जैन। महाकुंभ और महाकाल क्षेत्र के विकास कार्यों ने अब रफ्तार पकड़ ली है। शहर में चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के तहत कई पुराने निर्माण और बस्तियां हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इसी क्रम में हरसिद्धि मंदिर और नरसिंह घाट क्षेत्र के पास स्थित गोंड बस्ती भी अब हटाए जाने के दायरे में आ गई है। प्रशासन द्वारा यहां बड़े स्तर पर नए प्रोजेक्ट की तैयारी की जा रही है, जिसके चलते इस बस्ती को खाली कराया जाएगा।

गोंड बस्ती को करीब 12 साल पहले जेएनएनयूआरएम योजना के तहत बसाया गया था। वर्ष 2014-15 में लगभग 20 करोड़ रुपए की लागत से 1.7 हेक्टेयर जमीन पर चार ब्लॉक (ए, बी, सी, डी) में 312 फ्लैट बनाए गए थे। यह मकान झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों को निःशुल्क आवंटित किए गए थे। वर्तमान में यहां करीब 312 परिवार निवास कर रहे हैं, जिनमें अधिकांश लोग मजदूरी कर अपनी आजीविका चलाते हैं।

नवभारत को मिली जानकारी के अनुसार गोंड बस्ती में रहने वाले सभी परिवारों को अन्यत्र विस्थापित किया जाएगा। इसके लिए वैकल्पिक स्थान और पुनर्वास की योजना तैयार की जा रही है। नगर निगम और जिला प्रशासन के बीच इस मुद्दे पर जल्द बैठक होने वाली है, जिसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। नगर निगम द्वारा इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक निर्देश जारी किए जाने की संभावना है। उज्जैन के पुराने शहर के हिस्से में स्थित यह बस्ती सामाजिक और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों का प्रमुख निवास क्षेत्र रही है। यहां विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा समय-समय पर जागरूकता अभियान भी चलाए जाते रहे हैं। अब आगामी महाकुंभ और महाकाल क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए इस बस्ती का स्थानांतरण तय माना जा रहा है, जिससे शहर के विकास कार्यों को और गति मिल सके।

गोंड बस्ती की जमीन पर नई योजना

महाकाल मंदिर और महाकाल लोक के आसपास बड़े प्रोजेक्ट प्रस्तावित हैं। जिनके चलते इस क्षेत्र का स्वरूप पूरी तरह बदला जाना है। हरसिद्धि मंदिर, चारधाम मंदिर और नरसिंह घाट क्षेत्र में तेजी से विकास और सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं। इसी के तहत गोंड बस्ती की जमीन को भी नए प्रोजेक्ट के लिए चिन्हित किया गया है। प्रशासनिक स्तर पर इस जमीन के उपयोग को लेकर मंथन चल रहा है और भोपाल तक प्रस्ताव भेजे जाने की तैयारी है।

22 घंटे बाद बोरवेल से निकाला गया मासूम को, मौत

उज्जैन। बड़नगर तहसील के ग्राम झलारिया में गुरुवार रात 8 बजे के लगभग बोरवेल में 3 साल का मासूम गिर गया था, करीब 70 फीट की गहराई पर जाकर फंसे मासूम को निकालने के लिए होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। 22 घंटे की मशक्कत के बाद शुक्रवार शाम 6 बजे मासूम को बाहर निकल गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि ग्राम झलारिया से गुरुवार देर शाम 7.30 से 8 बजे के लगभग खबर आई कि पलदूना मार्ग पर खेत में खुले बोरवेल के अंदर एक बच्चा गिर गया है। तत्काल बड़नगर एसडीओपी महेन्द्रसिंह सिकरवार और थाना प्रभारी अशोक पाटीदार टीम के साथ मौके पर पहुंचे गये। मासूम को बोरवेल से निकलने के लिए होमगार्ड और एसडीआरएफ की टीम भी बड़नगर पहुंच गई थी। घटना के कुछ घंटे बाद ही रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया गया था। रेस्क्यू टीम द्वारा बोरवेल में कैमरा उतारा गया और ऑक्सीजन देने की शुरूआत की गई। मासूम बच्चा मूवमेंट करते दिखाई दे रहा था। आसपास खुदाई का काम शुरू किया गया। सभी जरूरी संसाधन जेसीबी, पोकलेन मशीनों को बुला लिया गया था। मौके पर अंधेरा होने पर लाईट की व्यवस्था की गई थी। आधी रात को खुदाई का काम रोकना पड़ गया जमीन के अंदर बड़े पत्थर होने की वजह से खुदाई कर पाना मुश्किल हो रहा था। रेस्क्यू टीम द्वारा मासूम को निकालने के लिए लोहे की छड़ में रस्सी बांधकर कड़ी बनाई गई और प्रयास शुरू किए गए दो बार रेस्क्यू टीम नाकाम रही लेकिन शुक्रवार शाम मासूम को बाहर निकलने में सफलता मिल गई उसे तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि मासूम को निकालने के लिए शुरू किया गया रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान एसडीआरएफ होमगार्ड के 12 सदस्यों की टीम के साथ कमांडेंट संतोष कुमार जाट, एसपी प्रदीप शर्मा ,कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, एसडीएम धीरेंद्र पाराशर, थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार, तहसीलदार रुपाली जैन सहित प्रशासनिक अधिकारी और ग्रामीण रात भर जागते रहे।

राजस्थान के पाली का रहने वाला है बालक

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि मासूम बच्चा भागीरथ पिता प्रवीण देवासी 3 साल राजस्थान के पाली स्थित गुड़ानला का रहने वाला है। परिवार भेड़-बकरियां चराने के लिये आया हुआ है। हादसा अय्युब खान के खेत में हुआ है। बच्चे को बोरवेल में गिरता मां ने देखा था उसने दौड़कर बचाने का प्रयास किया लेकिन बच्चा गहराई में चला गया था। उसने ग्रामीणों को जानकारी दी। खबर लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया जा रहा है, घटनाक्रम की जांच कराई जाएगी। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

वार्ड 51 और 54 का किया निरीक्षण

उज्जैन। वार्डों में स्वच्छता और आम नागरिकों को उसके प्रति जागरूक करने के लिए नगर निगम की टीम के साथ ही निगमायुक्त प्रतिदिन निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में निगमायुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 51 अन्तर्गत महाश्वेता नगर स्थित उद्यान का निरिक्षण किया गया।

उद्यान में रहवासियों से चर्चा कर निगम आयुक्त द्वारा निर्देशित किया कि उद्यान का जनभागीदारी के साथ विकास करे, उद्यान में रिचार्ज सॉफ्ट का निर्माण किया जाकर समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करे। इसी क्रम में निगम आयुक्त द्वारा वार्ड क्रमांक 54 मारुति शो रूम के पीछे खाली जगह का समतलीकरण कर मुख्य मार्ग के सब्जी मार्केट को स्थानांतरित किए जाने के निर्देश निगम अधिकारी को प्रदान किए।निगम आयुक्त द्वारा शिव सिटी कॉलोनी का निरीक्षण किया जाकर शिवसिटी कॉलोनी के रहवासियों से चर्चा की गई रहवासियों द्वारा बताया गया कि कॉलोनी डेवलपमेंट के बाद सीवरेज का आउटपुट नहीं होने के कारण चेम्बर ओवरफ्लो की स्थिति में है। निगम आयुक्त द्वारा आउटपुट नालियों की सफाई के लिए सीवर क्लीन मशीन द्वारा सफाई करने, ब्लॉक सीवर लाइन चेम्बर की सफाई के साथ नाली निर्माण के निर्देश अधिकारियों को प्रदान किए। निरीक्षण में पार्षद प्रतिनिधि बाबूलाल वाघेला, अपर आयुक्त संदीप शिवा, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री दीपक शर्मा, लक्ष्मण प्रसाद साहू, उद्यान प्रभारी मनोज राजवानी मौजूद रहे।

ट्रैक्टर पलटा, चालक की मौत

- ग्राम मुरारखेड़ी में रहने वाला था लखन पिता शंकरलाल धानक

उज्जैन। रात में ट्रैक्टर पलटने पर चालक नीचे दब गया। ग्रामीणों की मदद से उसे निकाला गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

इंगोरिया के ग्राम मुरार खेड़ी में रहने वाला लखन पिता शंकरलाल धानक (28) जहांगीरपुर में नारायण के खेत पर काम करता था। रात में ट्रैक्टर चलाते समय संतुलन बिगड़ने पर ट्रैक्टर पलट गया जिसके नीचे लखन दब गया। ग्रामीणों को घटना का पता चला तो उसे ट्रैक्टर के नीचे से निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान खेत मालिक नारायण का कहना था कि लखन पैदल जा रहा था इस दौरान ट्रैक्टर ने उसे टक्कर मार कर घायल कर दिया था। अस्पताल लाने पर उसकी मौत हो गई। थाना प्रभारी दीपेश व्यास के अनुसार घटना ट्रैक्टर चलाते समय पलटने पर चालक के नीचे दबने से मौत होना सामने आया है। फिलहाल मामले की जांच जारी है।

एक नजर में

ई-रिक्शा और एनिमल एम्बुलेंस निगम में शामिल

उज्जैन। नगर निगम उज्जैन द्वारा अपने संसाधनों की संख्या बढ़ाते हुए 12 ई रिक्शा, 02 गार्बेज मिनी टिपर वाहन एवं सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत 01 एनिमल एम्बुलेंस को शामिल किया गया है। शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा वाहनों का पूजन कर हरी झंडी दिखाते हुए रवाना किया। उल्लेखनीय है कि शहर की प्रकाश व्यवस्था के संधारण कार्य हेतु प्रकाश विभाग के अमले को छोटी एवं सकरी गलियों में कार्य हेतु जाना पड़ता है। जहां बड़े वाहन आसानी से नहीं पहुंच पाते हैं एवं कार्य भी प्रभावित होता है। इसलिए नगर निगम द्वारा राशी रुपए लगभग 30 लाख की लागत से 12 ई रिक्शा वाहन क्रय किए गए हैं। जो प्रकाश विभाग को हस्तांतरण करते हुए जहां कार्य की उपलब्धता होगी वहां पर उपयोग में ले जाएंगे जिससे कार्य करने में भी आसानी होगी एवं छोटी-छोटी गलियों में ई रिक्शा वाहन आसानी से सुगमता पूर्वक पहुंच सकेंगे। इसी के साथ कचरा कलेक्शन हेतु 02 गार्बेज मिनी टिपर वाहन राशि रुपए 06 लाख की लागत से क्रय किए गए हैं। इसी के साथ अवंतिका गैस लिमिटेड द्वारा सीएसआर गतिविधि के अंतर्गत 01 एनिमल एम्बुलेंस वाहन नगर निगम के संसाधनों में शामिल किया गया है। जिसका कार्य कंट्रोल रूम के माध्यम से प्राप्त सूचना पर घायल गौमाता को एंबुलेंस में शिफ्ट करते हुए कपिला गौशाला ले जाया जाएगा। जहां पशु चिकित्सक द्वारा उपचार किया जा सकेगा। इस एनिमल एंबुलेंस में हाइड्रोलिक मशीन लगी हुई है जो पशुओं को आसानी से वाहन में शिफ्ट कर सकेगी। इस दौरान अपर आयुक्त संतोष टैगोर, सहायक आयुक्त राघवेंद्र सिंह पालिया, कार्यपालन यंत्री जगदीश मालवीय, उपयंत्री कृष्णा भूरिया उपस्थित रहे।

पीएम से वर्चुअल संवाद करेंगे अंकित शर्मा

उज्जैन। माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अंकित शर्मा चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता के अंतिम चरण में अपना स्थान पक्का कर लिया है। अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर उन्होंने देशभर के 12 लाख से अधिक प्रतिभागियों के बीच यह गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। अब अंकित को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वर्चुअल संवाद करने का अवसर मिलेगा। केंद्रीय बजट 2026 के प्रति आम नागरिकों और विशेषकर युवाओं की समझ बढ़ाने के उद्देश्य से यह बहु-स्तरीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। युवाओं को नीति-निर्माण प्रक्रिया से जोड़ने वाली इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन क्विज़ और निबंध लेखन जैसे चरणों के माध्यम से प्रतिभागियों की बौद्धिक क्षमता का मूल्यांकन किया गया। इन सभी चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अंकित ने यह बड़ी सफलता प्राप्त की है। अंतिम चरण का यह भव्य कार्यक्रम 12 और 13 अप्रैल को भोपाल के एलएनसीटी कॉलेज स्थित आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन में देश भर से चुने गए प्रतिभाशाली युवा एक साथ विचार-विमर्श कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका को सशक्त करेंगे। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित मंच तक पहुंचने पर अंकित के परिवार, शिक्षकों और समूचे उज्जैन क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। उनकी यह सफलता युवाओं के लिए एक बड़ी प्रेरणा है।

रंग बैसाखी एग्जीबिशन सजेगी कल

उज्जैन। शहर के देवास रोड स्थित होटल आश्रय में 12 अप्रैल रविवार को दीप दीवास एवं लक्ष्य के तत्वावधान में रंग बैसाखी एग्जीबिशन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। मॉम एंड किड्स स्पेशल थीम पर आधारित इस एग्जीबिशन का शुभारंभ डॉ. सतिंदर सलूजा, डॉ. अनुराधा पंचोली और समाजसेविका सुमीना लिग्गा करेंगी। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे से रात 11 बजे तक चलेगा। इस एग्जीबिशन में फैशन, लाइफस्टाइल और फेस्टिव कलेक्शन की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध रहेगी। खरीदारी के लिए विशेष तौर पर बॉम्बे से द कौर स्टॉल्स और इंदौर से नेहा कटारिया की स्टॉल लगाई जा रही है। इसके अतिरिक्त कई अन्य बेहतरीन शॉपिंग स्टॉल्स के साथ-साथ इंदौर के स्वादिष्ट व्यंजनों वाले फूड स्टॉल्स भी ग्राहकों के लिए मौजूद रहेंगे। आयोजन में महिलाओं और बच्चों के मनोरंजन के लिए विशेष गतिविधियां रखी गई हैं। बच्चों के लिए दोपहर 1 से 3 बजे तक विंटेज बेक्स की वैशाली भटनागर द्वारा फ्री बेकिंग और फायरलेस कुकिंग सिखाई जाएगी। वहीं, पटेल आर्ट स्टूडियो द्वारा शाम 4 बजे से रात 9 बजे तक क्राफ्ट एक्टिविटीज का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं के लिए लकी ड्रॉ के अलावा इंदौर के आशीर्वाद ज्वेलर्स की रेखा पंडित द्वारा प्रायोजित ग्रैंड फ्री हौजी भी रखी गई है।

प्रोत्साहन राशि नहीं मिली, स्वास्थ्य कर्मचारियों में आक्रोश, सीएमएचओ को ज्ञापन सौंपा

- न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने उठाई आवाज

उज्जैन। जिले के स्वास्थ्य कर्मचारियों में अतिरिक्त कार्य की प्रोत्साहन राशि का एक वर्ष से भुगतान न होने पर भारी आक्रोश है। न्यू बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला उज्जैन ने काम के लेंगे पूरे दाम के नारे के साथ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को ज्ञापन सौंप जल्द देने की मांग की है।

कर्मचारियों ने बताया कि जिले के अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर द्वारा अपने अधीनस्थ उप स्वास्थ्य केंद्रों पर कार्यरत एएनएम और एमपीडब्ल्यू कर्मचारियों से मूल कार्य के अतिरिक्त अनमोल पोर्टल, एनसीडी क्लीनिक, यू-विन पोर्टल और अन्य पोर्टलों पर कार्य कराया जा रहा है। मध्य प्रदेश शासन द्वारा इस अतिरिक्त कार्य के लिए मानदेय टीबीआई एवं पीबीआई दी जाती है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें पिछले एक साल से यह राशि नहीं मिली है। ज्ञापन में बताया गया कि लेखा शाखा द्वारा बजट उपलब्ध नहीं होने का हवाला दिया जाता है, जबकि सीएचओ को इस राशि का भुगतान किया जा चुका है। संघ ने मांग की है कि सभी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसरों को जल्द से जल्द लंबित मानदेय का भुगतान करने के लिए आदेशित किया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इनमें एमआर मंसूरी, अजय परमार व महेश धनेलिया सहित जीआर अहिरवार, विजय परमार और अंजुम कुरैशी उपस्थित थे।

चुराई जेसीबी जंगल में छुपाई थी बदमाशों ने

- घट्टिया के ग्राम बच्चूखेड़ा से 7-8 अप्रैल की रात चोरी का मामला

उज्जैन। घट्टिया तहसील के ग्राम बच्चूखेड़ा से 7-8 अप्रैल की रात चोरी हुई जेसीबी को पुलिस ने चंद घंटों में ग्राम गुनाई के जंगल से बरामद कर ली। एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। जिसे कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। उसके चार साथियों की तलाश जारी है।

घट्टिया तहसील के पानबिहार चौकी क्षेत्र के ग्राम बच्चूखेड़ा में अजित अग्रवाल के फार्म हाऊस पर बने गोडाउन के बाहर खड़ी जेसीबी मंगलवार-बुधवार रात 1 बजे अज्ञात बदमाश चोरी कर ले गये थे। जेसीबी चोरी होने पर मामले की शिकायत संतोष पिता भीमसिंह राठौर ने पानबिहार चौकी प्रभारी जयंत डामोर को दर्ज कराई। प्रभारी ने टीम के साथ जेसीबी चोरी करने वालों की तलाश शुरू की और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे। जिसमें चार से पांच बदमाशों की भूमिका सामने आई। बदमाशों को ट्रेस कर उनके भागने वाले रूट पर सर्चिंग शुरू की गई। इस दौरान ग्राम गुनाई के जंगल से जेसीबी को बरामद कर लिया गया। चोरी में शामिल गोपाल पिता दयाराम बंजारा निवासी ग्राम काथला सिहोर को हिरासत में लिया गया। जिससे पूछताछ में पता चला कि उसके साथ चोरी में राहुल बंजारा, मोहन बंजारा निवासी ग्राम घूंसर हाटपिपलिया और 2 अन्य साथी शामिल थे। पुलिस टीम ने उनकी तलाश की लेकिन फरार होना सामने आये।

कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लेंगे

गुरुवार को हिरासत में आये आरोपी गोपाल को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया गया। उससे पूछताछ कर फरार साथियों की जानकारी जुटाई जा रही है। बताया जा रहा है कि लेनदेन के विवाद में जेसीबी चोरी को अंजाम दिया गया था। बता दें कि अभी अधिकांश अपराध ग्रामीण क्षेत्रों में ही अंजाम दिए जा रहे हैं। इसके साथ ही वहां पर भी पुलिस अधीक्षक ने रात्रि गश्त करने के निर्देश संबंधित थाना प्रभारियों को देकर सतर्कता बरतने के लिए भी कहा है। जिससे अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। नहीं अपराधों का ग्राफ दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जाएगा।

युवक ने जहर खाकर की आत्महत्या

उज्जैन। शुक्रवार सुबह पिता कमरे में पहुंचे तो पुत्र को मृत अवस्था में पाया। अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने जहर खाने की आशंका जताई। सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल पहुंची जहां से सल्फास का पाउच बरामद हुआ। मामले में मर्ग कायम कर मृतक युवक का पोस्टमार्टम कराया गया है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि नागातलाई क्षेत्र में रहने वाले मोहित पिता गब्बाजी बंजारा 30 साल को सुबह परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे थे जहां उसकी मौत होने पर अस्पताल की ओर से सूचना दी गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस घटना स्थल पहुंची। जहां से सल्फास का पाउच बरामद हुआ। घटना स्थल की जांच के बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। परिजनों ने बताया कि मोहित ईंट भट्टे पर काम करता था। उसकी शादी हो चुकी थी लेकिन काफी समय पहले पत्नी छोड़कर चली गई थी। मोहित ने जहर खाकर आत्महत्या क्यों की इसकी वजह पता नहीं है। पुलिस के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जाएगा।

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप का अधिवेशन कल

- आयोजन की जिम्मेदारी उज्जैन रीजन को, देशभर से जुटेंगे करीब 1000 प्रतिनिधि

उज्जैन। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का 30वां राष्ट्रीय अधिवेशन 12 अप्रैल 2026 को राजस्थान में खानपुर के समीप चांदखेड़ी स्थित श्री आदिनाथ दिगंबर जैन चंद्रोदय अतिशय क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। इस वृहद आयोजन को संपन्न कराने की जिम्मेदारी इस वर्ष उज्जैन रीजन को सौंपी गई है।

उज्जैन रीजन के अध्यक्ष नवीन जैन ने बताया कि फेडरेशन से संबद्ध लगभग 350 सोशल ग्रुप पूरे भारत में सक्रिय हैं। यह समूह जल संवर्धन, पर्यावरण संरक्षण, गौ सेवा, अनाथालय व वृद्धाश्रम में सेवा, जरूरतमंदों को सामग्री वितरण, गरीब बच्चों की शिक्षा, रोजगार सृजन और महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक कार्यों में अपना योगदान दे रहे हैं। समाज में ऐसे सेवा कार्यों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अधिवेशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले समूहों को सम्मानित किया जाएगा।

फेडरेशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अश्विन कासलीवाल ने बताया कि समाजबंधुओं को तीर्थ वंदना का अवसर उपलब्ध कराने और तीर्थों के प्रति आस्था सुदृढ़ करने के लिए प्रतिवर्ष अलग-अलग दिगंबर जैन तीर्थों पर यह अधिवेशन होता है। इस वर्ष के आयोजन का मुख्य आकर्षण जैन ध्वजारोहण और बैनर प्रेजेंटेशन रहेगा। साथ ही तीर्थ यात्राओं के सफल आयोजन के लिए भी ग्रुप्स का सम्मान किया जाएगा।

राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी प्रशांत चौधरी के अनुसार अधिवेशन के लिए देशभर से उत्साहजनक पंजीयन प्राप्त हुए हैं। कार्यक्रम में करीब 1000 प्रतिनिधियों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को सुव्यवस्थित और सफल बनाने के लिए उज्जैन रीजन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

महापौर शुरू करेंगे पंचक्रोशी यात्रा

- महाकाल मंदिर के साथ ही नागचंद्रेश्वर में की जाएगी पूजा

उज्जैन। धर्म नगरी उज्जैन में आयोजित होने वाली पावन पंचक्रोशी यात्रा केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम है। यह यात्रा हमें सनातन संस्कृति की जड़ों से जोड़ते हुए भगवान महाकाल की असीम कृपा का अनुभव कराती है। पंचक्रोशी यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर श्रद्धालुओं को अध्यात्म, सेवा और संयम का संदेश मिलता है। यह यात्रा हमें सिखाती है कि जीवन में सच्चा सुख बाहरी साधनों में नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और सत्कर्मों में निहित है। 12 अप्रैल से परम्परा अनुसार यह पावन पंचक्रोशी यात्रा प्रारंभ हो रही है। महापौर मुकेश टटवाल भी इस वर्ष इस पुनीत पंचक्रोशी यात्रा में सम्मिलित हो रहे। अतः इस बार की पंचक्रोशी यात्रा हेतु मैं आपसे आग्रह करता हूं कि इस पावन यात्रा में आप भी पुण्य लाभ प्राप्त करें तथा उज्जैन की धार्मिक गरिमा को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुँचाएं। साथ ही, यात्रा के दौरान स्वच्छता, अनुशासन और आपसी सद्भाव बनाए रखें, यही सच्ची भक्ति है। आइए, हम सब मिलकर भगवान महाकाल से उज्जैन, प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की कामना करें।1

हिरासत में जानलेवा हमले के दो आरोपी, एक फरार

उज्जैन। पंवासा थाना क्षेत्र के गरोठ मार्ग नीमनवासा में सोमवार रात पुराने विवाद में शुभम पिता सुन्दरलाल 24 साल नीमनवासा और बंटी पिता सदन महतो 21 साल निवासी पांड्याखेड़ी पर लक्ष्मण लौहार, सुरेन्द्र लौहार और बादल ने चाकू, पत्थर से हमला कर दिया था। शुभम चाकू के गहरे घाव लगने पर गंभीर घायल हो गया था। बंटी को पत्थर से चोंट लगी थी। दोनों को आधी रात उपचार के लिये चरक अस्पताल में भर्ती किया गया था। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले का प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की थी। हमले में शामिल सुरेन्द्र लौहार और बादल सोलंकी को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ कर उनके एक फरार साथी की जानकारी जुटाई जा रही है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराने वाले संजय मालवीय ने बताया कि दोनों घायल आरो प्लांट पर काम करते है। रात में गरोठ रोड से प्लांट बंद कर लौट रहे थे। वहीं पुलिस का कहना था कि घायल और हमलावरों के बीच 2 दिन पहले विवाद हुआ था। उस वक्त मामला शांत करा दिया गया था। रात में हुए विवाद के दौरान सुरेन्द्र को भी चोंट आई थी। जिसका अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया था।

पंचक्रोशी यात्रा.... नागचंद्रेश्वर से बल लेकर यात्रा शुरू की, शिप्रा में स्नान किया, प्रशासन पड़ाव स्थलों पर तैनात

उज्जैन में कल से पंचक्रोशी, हजारों श्रद्धालु दो दिन पहले आए



उज्जैन। उज्जैन में 118 किलोमीटर लंबी पंचकोशी यात्रा अधिकृत रूप से 12 अप्रैल से शुरू होना है, लेकिन श्रद्धालुओं का यात्रा के प्रति उत्साह इतना है कि 2 दिन पहले यानी 10 अप्रैल को ही यहां आ गए और पटनी बाजार में नागचंद्रेश्वर के दर्शन कर, शिप्रा स्नान कर यात्रा शुरू कर दी।

श्रद्धालु मंदिर में नारियल चढ़ाकर भगवान से बल लेकर निकले। प्रशासन ने भी यात्रियों के पहले पहुंचने के कारण पड़ाव स्थलों पर जाकर इंतजाम किए। पटनी बाजार में नागचंद्रेश्वर के दर्शन के बाद पहला पड़ाव उंडासा तालाब पिंगलेश्वर महादेव का होता है। पंचक्रोशी यात्रा में वैसे तो सभी तरह के श्रद्धालु शामिल होते हैं। लेकिन इसमें ग्रामीण श्रद्धालुओं की संख्या सबसे अधिक होती है। क्योंकि इतनी अधिक गर्मी में 118 किलोमीटर पैदल चलकर यात्रा को पूरी करना वह भी अपने स्वयं के सामान को लादकर हर किसी के बस की बात नहीं है। उज्जैन व जिले के साथ ही इस यात्रा में इंदौर, देवास, शाजापुर सहित आसपास के शहरों से श्रद्धालु हजारों की संख्या में यात्रा में शामिल होते हैं।

कई लोग पूरे परिवार के साथ करते हैं यात्रा

पंचक्रोशी यात्रा में बच्चों से लेकर बड़े तक और बुजुर्ग भी शामिल होते हैं। इतना ही नहीं कई का पूरा परिवार ही यात्रा करता है। कई पहली बार यात्रा पर आए है तो कई ऐसे भी मिलेंगे जो सालों से आ रहे हैं। लोग हर साल यात्रा की पहले से ही तैयारी करते हैं। पांच दिनों तक पैदल चलना पड़ता है। दिन में और कई रात में भी यात्रा करते हैं। ज्यादातर यात्री अपने खाने-पीने का सामान साथ ही लेकर चलते हैं। कई बीच खेत व जंगल में रुककर बनाते हैं। आराम करते हैं और फिर पैदल अगली मंजिल के लिए निकल पड़ते हैं।